पंजाब केसरी 02/05/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा नंदिता ने जीती राष्ट्रीय स्तर की मनोविज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

अम्बाला, 1 मई (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदिता सुपुत्री विकास कुमार ने राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन मनोविज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

यह प्रतियोगिता गवर्नमैंट कॉलेज फॉर गर्ल्स पलवल एवं महाराजा अग्रसेन कॉलेज फॉर वूमेन झज्जर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में मनोविज्ञान विषय के प्रति रुचि और जागरुकता बढ़ाना तथा उनके बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना था। इसमें देशभर के लगभग 50 महाविद्यालयों से 232 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह एवं ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मनोविज्ञान विषय की अपनी गहन समझ को प्रदर्शित किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नंदिता ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः नागपुर की लिसा एस. फ्रांसिस और निखिल लंकेश्वर बुरड़े ने प्राप्त किए। नंदिता को इस उपलब्धि के लिए ई.प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन मनोविज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा नंदिता को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने नंदिता को इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा. अनुपमा सिहाग को भी बधाई दी, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन से छात्रा को इस उपलब्धि तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। डा. दत्त ने छात्रा के समर्पण और उत्साह की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

नंदिता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, जी.एम.एन. कॉलेज, गवर्नमैंट कॉलेज फॉर गर्ल्स पलवल की मनोविज्ञान प्राध्यापिका डा. पूनम बागी, महाराजा अग्रसेन कॉलेज फॉर वूमेन झज्जर की सहायक प्राध्यापिका डा. नीतू जैन, लैब अटेंडेंट अनिल कुमारए और विशेष रूप से अपनी प्राध्यापिका डा. अनुपमा सिहाग को दिया, जिन्होंने उन्हें इस क्षेत्र में प्रोत्साहित और सशक्त किया।